हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 28 सितंबर 2025


तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री


4 रायगढ़ जिले ने जल संचय जन भागीदारी अभियान में हासिल की राष्ट्रीय उपलब्धि






### कोविड के समय की थी निस्वार्थ सेवा, ठेका बदलते ही प्रबंधन ने निकाला

# आर्थिक तंगी से जूझ रहे सफाईकर्मियों को काम के बदले मिल रहा आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में लंबे समय से कार्यरत 40 सफाईकर्मियों को ठेका बदलने के बाद प्रबंधन ने अचानक काम से निकाल दिया है, जिससे वो आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। कोविड जैसे कठिन परिस्थिति में भी मरीजों की निस्वार्थ सेवा करने वाले कर्मचारियों को अधिकारियों, नेताओं से सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है। जिससे वो दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर हो गए हैं। सफाईकर्मियों का कहना है कि वे साल 2017 से मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में लगातार सेवाएं दे रहे थे। कोविड जैसे कठिन समय में भी वो मरीजों की सेवा में जुटे रहे। बावजूद इसके मार्च 2025 से उन्हें काम से हटा दिया गया। कर्मचारियों का आरोप है कि कई वर्षों तक सेवाएं देने और मुश्किल हालातों में डटे रहने के बाद भी प्रशासन ने उनके भविष्य को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

निकाले गए सफाईकर्मी अपनी समस्या को लेकर अब तक दो बार कलेक्टर को ज्ञापन सौंप चुके हैं। इसके अलावा वे रायगढ़ विधायक व वित्त मंत्री ओपी चौधरी से भी कई बार मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत करा चुके हैं, लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है और उनकी समस्या का समाधान बिल्कुल भी नहीं हो रहा है।

#### मेडिकल कॉलेज के डीन झाड़ रहे हैं पल्ला

निकाले गए सफाईकर्मियों के प्रतिनिधि महेंद्र कुमार ने बताया कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। उनकी बातें सुनी तो जाती हैं लेकिन उस पर अमल नहीं हो रहा है। वो किसी भी काम को करने को तैयार हैं, लेकिन रोजगार छीन जाने से परिवार की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है। कर्मचारियों का कहना है कि विधायक और प्रशासन दोनों ने यह कहकर इतीश्री कर ली कि यह निर्णय कॉलेज प्रबंधन और डीन के हाथों में है। जब कर्मचारियों ने डीन से मुलाकात की तो उन्होंने उस वक्त उन्हें काम में रखने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब मुकर रहे हैं।

#### कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

बेरोजगारी और लगातार आश्वासनों से निराश सफाईकर्मियों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उन्हें काम पर वापस नहीं रखा गया या किसी अन्य कार्य में समायोजित नहीं किया गया तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। वहीं इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन व मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की होगी।

यह फैसला मेरे हाथ में नहीं है। कॉलेज तय करता है कि किस कंपनी के द्वारा सफाई का काम कराया जाएगा। इस बार कंपनी बदल गई है और काम नई कंपनी को दे दिया गया है। इसी कारण पुराने कर्मचारियों को बाहर कर दिया गया है।

**विनित जैन**
डीन, मेडिकल कॉलेज

## नशीले इंजेक्शन के साथ दो सप्लायर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधरनगर पुलिस ने नशीली इंजेक्शन बेचने वाले सिंडीकेट का पर्दाफाश करते हुए ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले से आए दो सप्लायरों को धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट और संगठित अपराध की धाराओं में रिमांड पर भेजा है। जानकारी के मुताबिक, 19 सितंबर को चक्रधरनगर पुलिस ने पंजरी प्लांट मरीन ड्राइव क्षेत्र में नदी किनारे छिपकर नशीली इंजेक्शन बेच रहे इंदिरा नगर निवासी धीरज बरेठ को रंगे हाथों पकड़ा था। उसकी तलाशी में आठ नग पेंटाजोसिन इंजेक्शन और बिक्री की रकम 300 बरामद हुई थी। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह इंजेक्शन उड़ीसा निवासी किशन डंडारिया और रायगढ़ के चंद्रकांत निषाद उर्फ बाबू से खरीदकर महंगे दामों पर बेचता है। इसी आधार पर पुलिस ने गिरोह की सप्लाई चेन को ट्रेस करना शुरू किया। चक्रधरनगर पुलिस ने ओडिशा के सप्लायर किशन डंडारिया और उसके भाई राजेश डंडारिया को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से वह मोबाइल भी जब्त हुआ है, जिसका इस्तेमाल यूपीआई के जरिए नशीली इंजेक्शन के लेन-देन में किया जा रहा था।










## खबर संक्षेप

### आयुर्विज्ञान संस्थान के स्थापना दिवस पर शामिल हुए ओपी



**रायगढ़।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर के 14वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक रायगढ़ वित्त मंत्री ओपी चौधरी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा एआईआईएमएस रायपुर, छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य क्षेत्र का एक जीवनदायी एवं सशक्त केंद्र है। चिकित्सा सेवाओं, शिक्षा और शोध के माध्यम से इस संस्थान ने भारतीय मेडिकल जगत को नई दिशा दी है। प्रदेशवासियों को सुलभ व आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इसी लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए हम नये मेडिकल कॉलेज भी स्थापित कर रहे हैं, जिससे जनता को उत्कृष्ट इलाज और युवाओं को उच्चस्तरीय चिकित्सकीय शिक्षा उपलब्ध हो सके।

### सिविल अस्पताल मे लगा एक्सरे मशीन महीनों से बंद, मरीज हो रहे परेशान

**धरमजयगढ़।** कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में लगा सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में डिजिटल एक्स रे मशीन महीनों से बंद पड़ा है। नगर पंचायत धरमजयगढ़ के पार्षद डा. अख्तरी खुर्शीद खान ने कलेक्टर रायगढ़, विधायक लालजीत सिंह राठिया, सांसद राधेश्याम राठिया, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी शर्मा सहित प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिख कर जल्द एक्स रे सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।



### एसबीआई के अधिकारियों ने चलाया सफाई अभियान



**रायगढ़।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में भारतीय स्टेट बैंक रायगढ़ के अधिकारियों ने सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम एवं उसके आसपास की सड़कों पर सफाई अभियान चलाया। क्षेत्रीय प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार रावत के नेतृत्व में एसबीआई के 25 अधिकारियों ने इस स्वच्छता अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। अधिकारियों ने न केवल स्टेडियम परिसर को स्वच्छ कियाए बल्कि आसपास की सड़कों से भी कचरा हटाकर नागरिकों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने में योगदान दिया। यह अभियान स्वच्छता ही सेवा 2025 पहल के तहत आयोजित किया गया, जो कि 2 अक्टूबर तक चलने वाली राष्ट्रव्यापी स्वच्छता पहल है। इसका उद्देश्य न केवल तात्कालिक स्वच्छता सुनिश्चित करना है, बल्कि नागरिकों में स्वच्छता के प्रति दीर्घकालिक सोच और आदतें विकसित करना भी है। इस अवसर पर एलडीएम रायगढ़ कमल किशोर सिंह, विकास शर्मा, दीपक भदानी, रवि कुमार एवं क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय रायगढ़ के अन्य अधिकारी भी सक्रिय रूप से अभियान में शामिल हुए।

### कैण्टीन संचालन के लिए 9 अक्टूबर तक मंगाए गए निविदा

**रायगढ़।** कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर रायगढ़ में स्थित कैण्टीन संचालन के लिए 9 अक्टूबर 2025 को अपरान्ह 3 बजे तक निविदा मंगाए गए है। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रभारी अधिकारी नजरात शाखा जिला कार्यालय रायगढ़ के समक्ष निविदा पेश कर सकते है। निविदा उसी दिन शाम 5 बजे खोली जाएगी जिसमें स्वयं या उनके प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते है।
कार्यालय कलेक्टर रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2025 एवं 2026 में कैण्टीन संचालन के लिए वार्षिक ठेका पर दिए जाने हेतु निर्धारित नियम एवं शर्तों के अधीन योग्य अनुभवी व्यक्ति, संस्थान, समूह से वार्षिक किराए पर संचालित करने हेतु निविदा मंगाए गए थे। किन्तु निविदाकारों की अपेक्षित न्यूनतम संख्या की पूर्ति नहीं होने के कारण पुनः निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा हेतु आवश्यक शर्ते व कार्य का विवरण आवेदन पत्र कार्यालयीन समय में जिला नाजिरए जिला कार्यालय रायगढ़ के पास 500 प्रपत्र शुल्क पर सूचना प्रकाशन तिथि 9 अक्टूबर 2025 तक प्राप्त की जा सकती है अथवा जिले की वेबसाईट में भी अवलोकन कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। इस स्थिति में निविदा शुल्क ड्राफ्ट चेक के माध्यम से अनिवार्य जमा करना होगा। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के जिला नाजिर, कलेक्ट्रेट, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### चंद्रपुर में नवरात्रि पर धूमधाम से हुआ डांडिया नाइट का आयोजन



**चंद्रपुर।** नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर पंचायत चंद्रपुर स्थित महानंदा तट के देवीगुड़ी प्रांगण में माताओं एवं बहनों के लिए द्वितीय वर्ष डांडिया नाइट का भव्य आयोजन किया गया। रंग-बिरंगी पोशाकों में सजी महिलाओं और युवतियों ने गरबा एवं डांडिया खेलकर माहौल को भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक गीतों और देवी भजनों पर महिलाओं ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। देवीगुड़ी प्रांगण में सजे आकर्षक मंच और साउंड सिस्टम ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रूपा भूपेंद्र सिंह देव, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत चंद्रपुर अध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन योगिता देवांगन रीना केसरवानी, रीता साहू, ऊषा दर्शन, प्रतिभा उपाध्याय, पूनम सौमित्र सहित डांडिया समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। उन्होंने मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। डांडिया नाइट में नगर की बड़ी संख्या में माताएं बहनें शामिल हुईं। परंपरागत लोकगीतों पर देर रात तक चले डांडिया और गरबा ने नवरात्रि उत्सव की शोभा को दोगुना कर दिया।

# धरमजयगढ़ के खुदरीखार जंगल में हाथी शावक ने लिया जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के हाथी प्रभावित इलाकों से एक बार फिर खुशी की खबर आई है। धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज के बंगरसूता बीट के खुदरीखार जंगल में शनिवार की तड़के एक मादा हाथी ने शावक को जन्म दिया।

लगातार दो माह में यह तीसरा बेबी एलीफेंट है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार वर्तमान में जंगल में हाथियों के दो दल विचरण कर रहे हैं। इनमें से एक दल में 48 हाथी और दूसरे दल में 9 हाथी शामिल हैं। इसी 48 हाथियों के दल में शामिल मादा हाथी ने शनिवार की सुबह शावक को जन्म दिया है। इससे पहले भी यही दल घरघोड़ा रेंज से छाल क्षेत्र में आया था और वहां एक शावक का जन्म हुआ था।



### दो माह में तीन शावकों का जन्म

20 अगस्त को धरमजयगढ़ वन मंडल के बाकारूमा रेंज के धौराभांठा बीट में एक मादा हाथी ने शावक को जन्म दिया था। इसके बाद गणेश चतुर्थी के दिन 2 सितंबर को घरघोड़ा परिक्षेत्र में एक और शावक का जन्म हुआ था। वहीं अब बंगरसूता में तीसरे शावक के जन्म से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

### ग्रामीण मान रहे हैं शुभ संकेत

ग्रामीणों ने बताया कि उनका गांव हाथी प्रभावित क्षेत्र में आता है। रोजाना हाथियों से फसलों को नुकसान पहुंचता है। बीती रात भी हाथियों ने गांव के आसपास की फसलों को रौंद दिया और 10 किसानों को नुकसान उठाना पड़ा। बावजूद इसके आज सुबह शावक के जन्म की खबर मिलते ही ग्रामीणों ने इसे शुभ संकेत मानकर खुशी जाहिर की। नवरात्रि के समय जन्मे शावक को गांव वाले सौभाग्य से जोड़कर देख रहे हैं। वन विभाग की टीम ने बताया कि हाथियों का यह दल हाल ही में खरसिया रेंज के काफरमार बीट से बंगरसूता पहुंचा है। फिलहाल दल पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और किसानों की क्षति का आंकलन भी किया जा रहा है।

घरघोड़ा पुलिस ने बरपाली हत्या कांड का खुलासा, तीनों आरोपी गिरफ्तार

# बेटी को पीटा तो ससुर ने नाबालिग व युवक के साथ मिलकर दामाद की कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोड़ा थाना क्षेत्र के बरपाली गांव में 24 सितंबर को युवक बलराम सारथी की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। घरघोड़ा पुलिस ने मृतक के ससुर रामस्वरूप सारथी, गांव के युवक देवनंदन राठिया और एक नाबालिग को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के पास से हत्या में प्रयुक्त धारदार टांगी और डंडा भी जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार मृतक बलराम सारथी 28 साल निवासी गाला पत्थलगांव का अपनी पत्नी हेमलता सारथी से विवाद चल रहा था। परिजनों ने हेमलता को उसके बच्चों सहित मायके बरपाली ले आए। इसी बीच बलराम भी 21 सितंबर को ससुराल पहुंच गया। 24 सितंबर को गांव में हड़कंप मच गया जब बरपाली निवासी पंचराम राठिया के घर की परछी में बलराम लहूलुहान हालत में मृत पाया गया। अज्ञात आरोपियों द्वारा सिर और चेहरे पर धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या की गई थी। घटना को लेकर मर्ग एवं अपराध कायम कर मामले को विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के सुपरविजन और थाना प्रभारी तमनार कमला पुसाम ठाकुर के नेतृत्व में घरघोड़ा पुलिस की टीम गठित की। गवाहों से पूछताछ फॉरेंसिक और डॉग स्क्वॉड की जांच में मृतक के ससुर रामस्वरूप पर शक की पुष्टि हुई। संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें सामने आया कि रामस्वरूप ने अपनी बेटी से मारपीट करने की रंजिश के चलते योजना बनाकर हत्या करवाई। उसने देवनंदन राठिया और नाबालिग को साथ लेकर बलराम को घर बुलाया और डंडा व टांगी से हमला कर उसकी जान ले ली। बाद में साक्ष्य छिपाने की नीयत से खून के धब्बे भी धोए गए। आरोपियों के मेमोरंडम पर टांगी और बांस का डंडा बरामद किया गया। मुख्य आरोपी रामस्वरूप सारथी और देवनंदन राठिया को गिरफ्तार कर रिमांड उपरांत जेल भेजा गया है, वहीं नाबालिग को बाल न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# बैंक गारंटी का लेप्स होना भ्रष्टाचार को उजागर करता है : डॉ राजकुमार यादव

**राउरकेला।** राउरकेला लोक निर्माण विभाग आर एन्ड बी शहर और आसपास के क्षेत्रों में सड़कों, पुलों, इमारतों और सार्वजनिक ढाँचे के निर्माण एवं रखरखाव का जिम्मा संभालता है। विभाग को पारदर्शी तरीके से कार्य कराने हेतु प्रत्येक कार्यादेश पर ठेकेदारों से बैंक गारंटी जमा करनी होती है, ताकि काम अधूरा रहने या नियमों का उल्लंघन होने की स्थिति में सरकार को वित्तीय नुकसान न हो सके।

राष्ट्रपति कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजकुमार यादव ने कहा कि भ्रष्टाचार के चरम सीमा के तहत कई कार्यादेशों की बैंक गारंटी लाप्स हो चुकी है व समय पर नवीनिकरण नहीं करया गया। सूत्रों के अनुसार विभाग द्वारा जारी दर्जनों ठेके की बैंक गारंटी समय पर नवीनीकृत नहीं की गई। निर्धारित अवधि समाप्त होने के बावजूद विभागीय इंजीनियरों और लेखा शाखा ने ठेकेदारों पर कोई कार्रवाई नहीं की।

- राउरकेला पीडब्ल्यूडी विभाग अनियमितताओं का अड्डा

बैंक गारंटी समाप्त हो जाने से विभाग के पास कोई रक्षात्मक कवच नहीं बचा। इसके बावजूद ठेकेदार न केवल भुगतान प्राप्त कर रहे हैं बल्कि अधूरे और घटिया कार्य के बावजूद जवाबदेही से बच रहे हैं। विभागीय एसडीओ पानपोस के अनुसार यह जिम्मेदारी अकाउंट सेक्शन की है इसलिए सटीक जवाब वे ही दे पाएंगे जबकि जवाब के लिए विभागीय कैशियर का फोन नहीं उठ पाया। जानकारों के अनुसार विभागीय अधिकारी जानबूझकर ठेकेदारों को संरक्षण दे रहे हैं। यह स्थिति अधिकारियों और ठेकेदारों के बीच गहरी मिलीभगत का संकेत देती है। कई सड़क और इमारत परियोजनाएँ अधूरी पड़ी हैं। जहाँ कार्य हुआ भी है वहाँ गुणवत्ता मानकों की खुली अनदेखी की गई है जैसे पतली सड़क परत, घटिया सीमेंट बिटुमेन का उपयोग, ड्रेनेज कार्य अधूरा। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने कई बार विभागीय अधिकारियों को लिखित शिकायतें दीं, लेकिन अब तक किसी भी अधिकारी ने औपचारिक स्पष्टीकरण देना तो दूर, ठेकेदारों पर दंडात्मक कार्रवाई भी नहीं की। राउरकेला पीडब्ल्यूडी विभाग में बैंक गारंटी लैप्स और अनियमितताओं का यह मामला सीधे भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही की ओर संकेत करता है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की मांग है कि राज्य सरकार को उच्चस्तरीय जांच समिति गठित करनी चाहिए। लापरवाह और भ्रष्ट अधिकारियों को चिन्हित कर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए।

# शहीद वीर नारायण सिंह की मूर्ति का हुआ अनावरण



**बिलाईगढ़।** शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में शहीद वीर नारायण सिंह की मूर्ति का अनावरण समारोह संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा, राजस्व, आपदा प्रबंधन, पुनर्वास एवं उच्च शिक्षा मंत्री एवं विशिष्ट अतिथि इस क्षेत्र की विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरें और शहीद वीर नारायण सिंह के प्रपौत्र राजेंद्र दीवान के साथ जनभागीदारी अध्यक्ष जगदीश पांडे एकॉलेज के प्राचार्य डॉ उमाकांत मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न इस कार्यक्रम स्थानीय नेता जिलाध्यक्ष ज्योति पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष जलान मंडल अध्यक्ष राधा राकेश रामनारायण भट्ट, नगर पंचायत अध्यक्ष दामोदर दुबे एजिला पंचायत सदस्य युवराज सिंह,रामनारायण देवांगन, दिनेश, बलौदा बाजार से पधारे विजय केशवानी आदि अनेक गणमान्य नेताओं एवं प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मां शारदा, छत्तीसगढ़ महतारी तथा शहीद वीर नारायण सिंह की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्राचार्य के स्वागत भाषण और जनभागीदारी अध्यक्ष द्वारा 1989 से संचालित कॉलेज को पीजी कॉलेज घोषित करने तथा वाणिज्य संकाय खोलने संबंधी मांग पत्र प्रस्तुत किया गया। छात्रा पूजा राकेश ने अपने हाथ से बनाया मंत्री का आकर्षक चित्र भेट किया गया जिसे मंत्री जो एवं अन्य ने बहुत सराहा। अपने उद्बोधन में विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरें ने बतलाया कि कांग्रेस के नेता और भाजपा के मंत्री का साथ एक मंच पर सुखद संयोग है। चुनाव जीतने के बाद मंत्री हम सबके हैं। आपसी भेद भूलकर क्षेत्र का विकास हम सबका लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने सड़क निर्माण आदि समस्याओं की मांग की। मुख्य अतिथि टंक राम वर्मा ने शहीद वीर नारायण सिंह की मूर्ति का अनावरण उनके प्रपौत्र राजेंद्र दीवान की उपस्थिति में संपन्न होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को छात्रों के लिए प्रेरणादायक बतलाया। प्रतिदिन शहीद वीर नारायण की प्रतिमा को देखकर उनके व्यक्तित्व से सभी प्रभावित होंगे। कॉलेज की उचित मांग पर विचार करने का आश्वाशन देते हुए उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र और महाविद्यालय को निराश नहीं करूंगा। अतिथियों को शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। संजना द्वारा सरस्वती वंदना संगीता द्वारा स्वागत गीत, किरणसमूह द्वारा आदिवासी नृत्य, हेमलता समूह द्वारा पंथी नृत्य, चांदनी ग्रुप द्वारा दिया नृत्य, हरिशंकर ग्रुप द्वारा कर्म और अंत में हिंदी की छात्र छात्रा रीनासमूह द्वारा मनमोहक नृत्य देवी जोहार जोहार की प्रस्तुति से वातावरण मंत्र मुग्ध हो गया।

# जनजागरूकता और टीकाकरण के माध्यम से रेबीज से बचाव संभव

**रायगढ़।** शासन के निर्देशानुसार जिले में 28 सितम्बर तक विश्व रेबीज सप्ताह मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य आम नागरिकों को रेबीज जैसे घातक वायरल संक्रमण के प्रति जागरूक करना और रोकथाम के उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत ने जानकारी देते हुए बताया कि रेबीज एक जानलेवा वायरस संक्रमण है जो संक्रमित कुत्ते, बिल्ली, बंदर, लोमड़ी, चमगादड़ आदि के काटने या खरोंचने से मनुष्यों में फैलता है। समय पर उपचार नहीं मिलने पर यह संक्रमण प्राणघातक साबित हो सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह सप्ताह जिलाए नगर पालिका, विकासखंड और ग्राम स्तर पर मनाया जा रहा है। रेबीज के शुरुआती लक्षणों में घाव पर जलन, खुजली, दर्द, बुखार, बेचैनी, नींद न आना, गले में अकडऩ, पानी या रोशनी से डर लगना शामिल हैं। इन लक्षणों के दिखते ही तत्काल इलाज आवश्यक है। इसके लिए जिला और विकासखंड स्तर पर विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और समुदायिक स्थलों पर विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर घर जाकर पालतू जानवरों के काटने पर प्राथमिक उपचार और टीकाकरण की जानकारी दी जा रही है। लोगों को यह बताया जा रहा है कि समय पर टीका वैक्सीन और इम्युनोग्लोबुलिन से रेबीज को रोका जा सकता है।

### रेबीज सप्ताह में हो रहे विविध कार्यक्रम

रेबीज नियंत्रण हेतु आयोजित इस सप्ताह के दौरान डॉक्टरों, नर्सों, पैरामेडिकल स्टाफ को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही, स्कूली बच्चों के लिए नाटक, भाषण, चित्रकला आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, ताकि वे इस खतरनाक बीमारी के बारे में सही जानकारी प्राप्त कर सकें। इस दौरान कार्यक्रम के संचालन में जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैकरा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक सोनाली मेश्राम, जिला नोडल अधिकारी डॉ.समुमित शैलेन्द्र मंडल, डॉ. कल्याणी पटेल द्वारा किया जा रहा है।

# दुकानों, स्कूलों एवं अस्पतालों में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य

**रायगढ़।** महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडऩ निवारण प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013 के क्रियान्वयन हेतु सुप्रीम कोर्ट के निर्देशन अनुसार अब जिले के सभी स्कूलों, दुकानों और अस्पतालों और निजी संस्थानों में आंतरिक शिकायत समिति का गठन जिला प्रशासन ने अनिवार्य कर दिया है। यह समिति महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन निवारण प्रतिषेध और प्रतितोषद्ध अधिनियम 2013 के तहत शिकायतों का निवारण करेगी।

निर्देश के अनुसार 10 या अधिक कर्मचारी वाले सभी संस्थान, दुकान, स्कूल, अस्पताल, बैंक, एनजीओ और ट्रस्ट में यह समिति गठन अनिवार्य है। संस्थान परिसर में किसी भी व्यक्ति द्वारा ऐसे किसी आचरण की शिकायत महिला कर्मचारी द्वारा आंतरिक शिकायत समिति को की जाएगी। सहायक श्रमायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त समिति का निर्धारित प्रारूप में गठन किया जाकर श्रम विभाग में जमा किया जाना अनिवार्य होगा। प्रारूप के अनुसार 4 सदस्यीय समिति होगी जिसमें वरिष्ठ महिला कर्मचारी की अध्यक्षता में अन्य 02 महिला सदस्य तथा एक एनजीओं के सदस्य शामिल रहेंगी। ऐसे संस्थान जहां केवल पुरूष कर्मचारी कार्यरत है उन संस्थानों में भी किसी एनजीओ के सामंजस्य से महिला सदस्य को शामिल किया जाना अनिवार्य होगा।

# साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष का जिला साहू संघ रायगढ़ ने किया स्वागत



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के निर्विरोध निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष डॉ. निरेन्द्र साहू एवं प्रदेश पदाधिकारियों के प्रथम रायगढ़ आगमन पर स्वागत एवं सम्मान समारोह साहू समाज के लिए ऐतिहासिक और अविस्मरणीय रहा। छत्तीसगढ़ राज्य के सबसे अधिक जनसंख्या वाले साहू समाज के निर्विरोध निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तिलक राम साहू, सत्य प्रकाश साहू, श्रीमती साधना साहू, प्रदेश संगठन सचिव डॉ सुनील साहू, श्रीमती चंद्रवती साहू, प्रदेश संयुक्त सचिव श्रीमती बीना साहू, प्रदीप साहू के स्वागत एवं सम्मान में जिला साहू संघ द्वारा तहसील, नगर, परिक्षेत्र, ग्रामीण इकाई को एकजुट कर उत्साह और उमंग माहौल बनाया, जिससे समाज में एक सकारात्मक संदेश पहुंचा।

**4,000 से अधिक छात्र और ग्रामीण होंगे लाभान्वित**

# दृष्टि सुरक्षा की ओर कदमः अदाणी फाउंडेशन का विज़न केयर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अदाणी पॉवर लिमिटेड रायगढ़ की सामाजिक पहल के तहत अदाणी फाउंडेशन द्वारा स्थानीय स्कूलों के छात्रों एवं सामुदायिक स्तर पर नेत्र परीक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दृष्टि संबंधी समस्याओं की प्रारंभिक पहचान और रोकथाम करना है।

विज़न केयर संस्था के सहयोग से अगले दो माह तक चलने वाले इस शिविर में 18 वर्ष से 60 वर्ष तक के ग्रामीणों का नेत्र परीक्षण किया जाएगा और ज़रूरतमंदों को निःशुल्क चश्मों का वितरण भी किया जाएगा, जिसका आयोजन आसपास के उच्च माध्यमिक विद्यालयो एवं ग्रामों में किया जा रहा है। बच्चों की पढ़ाई, महिलाओं की दैनिक गतिविधियाँ और बुजुर्गों की जीवन गुणवत्ता में सुधार को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस पहल के अंतर्गत निःशुल्क नेत्र जाँच, निःशुल्क चश्मों का वितरण और ज़रूरतमंदों को उपयुक्त उपचार हेतु रेफरल की सुविधा दी जा रही है। कार्यक्रम के तहत 2000 से अधिक महिलाएँ, समुदाय के 18 से 60 वर्ष तक के लोग और 2000 से अधिक स्कूली बच्चे लाभान्वित होंगे। यह पहल भारत सरकार के राष्ट्रीय अंधत्व एवं दृष्टि दोष नियंत्रण कार्यक्रम एनपीसीबीवीआई के अनुरूप है। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. विनोद नायक बीएमओ पुसौर की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई, जिनमें ओम प्रकाश गुप्ता सरपंच बड़े भंडार पंचनन्दजी शाला समिति अध्यक्ष, एसएमसी सदस्य तथा स्कूल स्टाफ शामिल रहे। इस पूरे कार्यक्रम में विज़न केयर से आए नेत्र परीक्षण विशेषज्ञों ने विस्तारपूर्वक जानकारी दी और बच्चों का परीक्षण किया। स्थानीय समुदाय ने इस पहल की सराहना की और इसे जीवन की गुणवत्ता में सुधार हेतु एक सकारात्मक स्वास्थ्य हस्तक्षेप बताया। शशधर दास चीफ बिज़नेस ऑफिसर ने कहा अदाणी फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह शिविर सराहनीय है। यह नेत्र परीक्षण शिविर हमारे समुदाय के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।




इस पहल से न केवल लोगों को समय पर नेत्र जाँच की सुविधा मिलेगी, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। अजीत राय प्रोजेक्ट हेड ने कहा इस शिविर में न केवल नेत्र स्वास्थ्य की जांच की जा रही है बल्कि लोगों को नेत्र सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। डॉ. विनोद नायक बीएमओ पुसौर ने अपने संबोधन में कहा, सरकार द्वारा प्राइमरी एवं मिडिल स्कूलों में नेत्र परीक्षण कार्यक्रम चलाया गया है, जिसमें हाई एवं हायर सेकंडरी के बच्चे लाभ से वंचित रह गए थे। लेकिन अदाणी फाउंडेशन की इस पहल की मैं सराहना करता हूँ और आशा करता हूँ कि भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित होते रहेंगे।

ओम प्रकाश गुप्ता सरपंच बड़े भंडार ने कहा अदाणी फाउंडेशन द्वारा आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर एक सराहनीय कदम है जो दूरदर्शिता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को दर्शाता है। इस शिविर से आसपास के लोगों को समय पर नेत्र संबंधी सलाह और उपचार की सुविधा मिलेगी।

# एमी अवॉर्ड्स की बेस्ट एक्टर कैटेगरी में दिलजीत का नाम



**मुंबई।** दिलजीत दोसांझ ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने फैंस को खुशखबरी दी है। इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स की बेस्ट एक्टर कैटेगिरी में उनका नॉमिनेशन हुआ है। यह नॉमिनेशन उन्हें फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में उम्दा अभिनय के लिए मिला है। दिलजीत दोसांझ ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए एमी अवॉर्ड्स में नॉमिनेशन की जानकारी को फैंस के साथ शेयर किया। इस पोस्ट पर उन्होंने लिखा, 'यह सब आपकी वजह से है, इम्तियाज सर।' इस पोस्ट को दिलजीत इम्तियाज अली को भी टैग करते हैं। 'अमर सिंह चमकीला' फिल्म को इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स में एक और नॉमिनेशन मिला है। इसे टीवी फिल्म/मिनी सीरीज कैटेगरी में भी जगह मिली है।

## लाइफ Style

# कल्कि

## नारी शक्ति से ही चलता है जीवन



नवरात्र के पांचवें दिन माता स्कंदमाता की पूजा की जाती है, जो मातृत्व, पोषण और देखभाल की प्रतीक मानी जाती हैं। इस अवसर पर एक बातचीत में कल्कि केकलां ने कहा कि, यह दुनिया महिलाओं के बिना नहीं चल सकती। नारी शक्ति से ही जीवन चलता है, इसे कभी मत भूलिए।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दुनिया के कई हिस्सों में नारी शक्ति का सम्मान किया जाता है, चाहे वह गर्भ की पूजा हो या भारत में शक्ति की पूजा।' उन्होंने कहा कि नवरात्र के पहले दिन मुझे सबसे ज्यादा खुशी तब हुई जब मेरी बेटी अपनी नैनी (हेल्पर) के साथ पड़ोस में जाकर डांडिया और गरबा कर रही थी। मेरा मानना है कि ऐसे त्योहार समुदाय को जोड़ते हैं, पड़ोसियों से बातचीत बढ़ाते हैं और एक-दूसरे की संस्कृति का हिस्सा बनने का मौका देते हैं। अपनी बेटी को इस तरह उत्साह और खुशी के साथ जुड़े देखना बेहद सुखद अनुभव था।' बचपन में हमें नवरात्र के मौके पर बुराई पर अच्छाई की जीत की कहानी सुनाई जाती थी। मां दुर्गा का चित्र मुझे सबसे शक्तिशाली लगता था। मुझे यह देखकर आश्चर्य होता था कि उनके दस हाथ हैं। मैं सोचती थी कि काश मेरे भी दस हाथ होते। मां दुर्गा को नए कपड़े पसंद हैं तो नए कपड़े पहनते थे। ये यादें मुझे हमेशा देवी की शक्ति की याद दिलाती हैं।'

मातृत्व आपके जीवन को पूरी तरह से बदल देता है। कलाकार के रूप में काम करते हुए रात में जागना और दौड़ भाग करना अलग है, पर जब आप मां बन जाते हैं तो फिर आप अपने बच्चे के अनुसार दिनचर्या बनाते हैं। यह आपको सशक्त और आत्मनिर्भर बनाता है। मातृत्व ने मुझे सिखाया कि मेरा शरीर कितना मजबूत है और यह कितना सह सकता है।..बच्चे को नौ महीने तक पालना और फिर उसे जन्म देना।

## हॉलीवुड मसाला

# हॉलीवुड ने अंदर से तोड़ दिया



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के चमकते पर्दे के पीछे की सच्चाई के बारे में हाल ही में अभिनेत्री एमा वॉटसन ने बताया है। हैरी पॉटर सीरीज से घर-घर में मशहूर हुईं अभिनेत्री आखिर बीते 7 वर्षों से किसी एक्टिंग प्रोजेक्ट में नजर क्यों नहीं आईं। अब 35 वर्ष की उम्र में, उन्होंने एक पॉडकास्ट पर अपनी चुप्पी तोड़ी और बताया कि कैसे हॉलीवुड के माहौल ने उन्हें भीतर तक तोड़ दिया। एमा वॉटसन ने स्वीकार किया कि हैरी पॉटर के सेट पर उन्होंने जिस पारिवारिक जुड़ाव और दोस्ती को महसूस किया था, वही उम्मीद वह बाकी फिल्मों में भी ले आईं।



# अवतारः फायर एंड ऐश का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स कैमरून एक बार फिर अपने दर्शकों को उस जादुई और रहस्यमयी दुनिया में ले जा रहे हैं, जिसने साल 2009 से अब तक सिनेमा के इतिहास में कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। 'अवतारः फायर एंड ऐश' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है और इसके साथ ही पेंडोरा की धरती पर संघर्ष की लपटें और तेज होती दिख रही हैं। 20वीं सेंचुरी स्टूडियोज फिल्म की रिलीज से पहले 3 अक्टूबर को 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' को एक हफ्ते के लिए 3डी में दोबारा सिनेमाघरों में ला रही है। वहीं, कैमरून ने चौथे और पांचवें पार्ट की भी तैयारी कर ली है। अवतार 4 साल 2029 और अवतार 5 साल 2031 में रिलीज किए जाने का लक्ष्य है। अवतारः फायर एंड ऐश 19 दिसंबर को रिलीज होगी। इस बार कहानी और गहरी है और दर्द भी ज्यादा नजर आ रहा है। सुली परिवार अपने बड़े बेटे नेतेयाम की मौत का गम झेल रहा है। परिवार के इस दर्द के बीच पेंडोरा पर एक नई चुनौती खड़ी होती है—ऐश पीपल नाम की नई नावी जनजाति। इस जनजाति की अगुवाई वरांग कर रही हैं, जिसका किरदार ऊना चैपलिन निभा रही हैं।



# टॉम क्रूज के लिए कुछ भी करने को तैयार

**मुंबई।** अमीषा पटेल ने साल 2000 में ऋतिक रोशन के साथ फिल्म 'कहो न प्यार है' से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की थी। अपनी पहली पहली ही फिल्म से अमीषा इंडस्ट्री की नई सनसनी बन गई थीं। उनकी खूबसूरती की काफी चर्चा थी। अब अमीषा 50 साल की हो चुकी हैं और उन्होंने शादी नहीं की है। अब अमीषा ने अपने क्रश के बारे में खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि उन्हें हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज पर जबरदस्त क्रश है। एक्ट्रेस ने यहां तक कहा कि वो उनके साथ कुछ भी करने को तैयार हैं। एक बातचीत में एक्ट्रेस ने बताया कि मुझे टॉम क्रूज पर क्रश है। अगर आप उनके साथ कोई पॉडकास्ट कर सकते हैं, तो प्लीज मुझे भी उस पॉडकास्ट में बुलाएं। मुझे बचपन से ही टॉम क्रूज पसंद हैं। मेरे पेंसिल बॉक्स में, मेरी फाइलों में उनकी तस्वीर लगी रहती थी और मेरे कमरे में सिर्फ टॉम क्रूज के ही पोस्टर होते थे।



# चांद मेरा दिल में लक्ष्य संग आएंगी नजर

**मुंबई।** द बैड्स ऑफ बॉलीवुड को लेकर चर्चाओं में बने लक्ष्य लालवानी अब अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में जुट गए हैं। अब लक्ष्य धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म चांद मेरा दिल में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके साथ अनन्या पांडे प्रमुख भूमिका में दिखाई देंगी। अब फिल्म की शूटिंग से कुछ तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं। इनमें लक्ष्य और अनन्या एकसाथ नजर आ रहे हैं। वीडियो में लक्ष्य और अनन्या लाल रंग के आउटफिट में एक साथ रोमांटिक बाइक राइड करते हुए दिखाई दे रहे हैं। जहां अनन्या लाल साड़ी और बालों में स्लीक बन में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, वहीं लक्ष्य हमेशा की तरह मैचिंग लाल कुर्ता और सफेद पायजामा पैंट के साथ नेहरू जैकेट में बेहद जंच रहे हैं। वायरल वीडियो में अनन्या ने लक्ष्य को अपनी बाहों में भर लिया है और वे बाइक की सवारी कर रहे हैं।

## टीवी मसाला



# टीआरपी की रेस में इस हफ्ते अनुपमा ने मारी बाजी

नई दिल्ली। टीवी के फैंस को हर हफ्ते की टीआरपी लिस्ट का बेसब्री से इंतजार रहता है। दर्शक दिल थाम कर हर हफ्ते ये जानने के लिए बेकरार रहते हैं कि कौन सा शो टीवी की लिस्ट पर टॉप पर है और कौन सा शो इस बार टॉप 10 में अपनी जगह नहीं बना पाया। इस बार की टीआरपी चार्ट की बात करें तो, अनुपमा ने बाजी मार ली है। रुपाली गांगुली का शो अनुपमा एक बार फिर नंबर 1 स्पॉट पर काबिज है। हाल ही में शो में आए ट्विस्ट को काफी पसंद किया जा रहा है। स्मृति ईरानी का सीरियल क्योंकी सास भी कभी बहू थी...नंबर 2 पर खिसक गया। तीसरे नंबर पर भी स्टार प्लस का भी शो ये रिश्ता क्या कहलाता है। टॉप 5 में इस बार एक नई एंट्री भी है। शरद केलकर का शो 'तुम से तुम तक' जो हाल ही में शुरू हुआ है, उसे भी काफी पसंद किया जा रहा है। ये शो दो ऐसे लोगों की प्रेम कहानी है, जिनके उम्र में एक बड़ा फासला है। ये सीरियल चौथे नंबर पर है। पांचवे नंबर पर सीरियल 'उड़ने की आशा' काबिज है। इसकी टीआरपी 1.7 है। इस हफ्ते जिस सीरियल को सबसे बड़ा झटका लगा है वो 15 साल से चले आ रहा शो तारक मेहता का ... है। ये शो इस बार टॉप 5 से बाहर हो गया है। अबतक ये सीरियल किसी न किसी तरह टॉप 5 में जगह बना लेता था, लेकिन इस बार शो छठे स्थान पर खिसक गया है।

## तान्या और अमाल की दोस्ती में दरार

नई दिल्ली। रियलिटी शो बिग बॉस हमेशा से अपनी ड्रामा, इमोशन और रिश्तों की कहानी को लेकर चर्चा में रहता है। इस बार सुर्खियों में हैं तान्या मित्तल और म्यूजिक कंपोजर अमाल मलिक, जिनकी दोस्ती पहले दिन से ही शो की सबसे मजबूत कड़ी मानी जा रही थी। शुरुआत से दोनों ने एक-दूसरे का हर मुश्किल वक्त में साथ दिया। चाहे तान्या का इमोशनल ब्रेकडाउन हो या अमाल का लो मोमेंट- दोनों हमेशा एक-दूसरे का सहारा बने। लेकिन, हालिया प्रोमो ने दर्शकों को हैरान कर दिया है, क्योंकि इसमें उनकी दोस्ती पर खिंचाव साफ दिखाई देता है। मेकर्स द्वारा जारी वीडियो में तान्या और अमाल के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। विवाद की शुरुआत तब हुई जब जीशान ने तान्या से सवाल किया कि उन्होंने कैप्टेंसी टास्क के दौरान गौरव को वोट देने की बात कही थी या नहीं। तान्या ने साफ किया कि उन्होंने केवल मजाक में यह कहा था, लेकिन असल में वोट फरहाना को ही दिया था।



# सर्च में मर्डर मिस्ट्री संग दिखा झूठ का जाल

**मुंबई।** कोंकणा सेन शर्मा ओटीटी पर कई प्रोजेक्ट्स में नजर आ चुकी हैं। जल्द ही वह एक सीरीज 'सर्च-द नैना मर्डर केस' में नजर आएंगी। इस सीरीज का ट्रेलर भी सामने आ चुका है। कोंकणा सेन शर्मा संजीदा किरदारों को बखूबी निभाना जानती हैं। हाल ही में उनकी एक अपकमिंग सीरीज 'सर्च-द नैना मर्डर केस' का ट्रेलर रिलीज हुआ। जिसमें वह एक पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं, जो एक मर्डर मिस्ट्री को सॉल्व करने की कोशिश कर रही है। सीरीज सर्च-द नैना मर्डर केस के ट्रेलर में कोंकणा सेन शर्मा एक पुलिस ऑफिस के रोल में हैं। वह एक कॉलेज गर्ल की मर्डर मिस्ट्री को सॉल्व करने की कोशिश में लगी हैं। इस राह में उसके सामने कई चुनौतियां हैं। कई लोग शक के घेरे में हैं। इस सीरीज में एक तरफ मर्डर मिस्ट्री को दिखा गया है। साथ ही केस को सॉल्व करने के दौरान कोंकणा सेन का किरदार डिजिटल दुनिया के खतरों से भी वाकिफ होता है। इस सीरीज में सोशल मीडिया के स्याह पक्ष को दिखाने की कोशिश की गई, जिसके जाल में यंगस्टर बुरी तरह फंस जाते हैं। कोंकणा सेन स्टारर इस सीरीज की रिलीज डेट भी ट्रेलर के साथ ही शेयर की है। यह सीरीज जीयोहॉटस्टार पर 10 अक्टूबर को रिलीज होगी। यह सीरीज रोहन सिप्पी ने डायरेक्ट की है।




# लॉर्ड कर्जन की हवेली का टीजर रिलीज ब्लैक कॉमेडी-थ्रिलर से चौंकाया




मुंबई। फिल्म लॉर्ड कर्जन की हवेली के टीजर में मिर्जापुर सीरीज फेम एक्ट्रेस रसिका दुग्गल, एक्टर अर्जुन माथुर और परेश पाहुजा जैसे एक्टर्स नजर आए। चंद सेकंड का यह टीजर ब्लैक कॉमेडी, थ्रिलर के जरिए चौंका देता है। टीजर में नजर आता है कि फिल्म का एक किरदार एक बड़ा सा बॉक्स खोलता है। जिसके बाद शुरू होती है, सच और झूठ की कहानी। फिल्म अचाकन थ्रिल और ब्लैक कॉमेडी के जॉनर में चली जाती है। रसिका के किरदार का एक डायलॉग है, 'तुम्हें पता भी है जोक क्या होता है?' इसके बाद टीजर के आखिर में भी लिखा आता है, 'यह जोक नहीं है।' एक्टर अंशुमन झा निर्देशित फिल्म 'लॉर्ड कर्जन की हवेली' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसकी रिलीज डेट 10 अक्टूबर है। फिल्म को बिकास मिश्रा ने लिखा है। फिल्म में रसिका और बाकी किरदार काफी रहस्यमयी किस्म के किरदार निभा रहे हैं। अंशुमन झा ने अपने इंस्टाग्राम पर भी फिल्म का टीजर शेयर किया है। इस टीजर पर यूजर्स ने भी रिएक्शन दिया है। एक यूजर्स लिखता है, 'ये तो कुछ अनोखा सा लग रहा है। इसे जल्द ही देखने का इंतजार है।' एक अन्य यूजर ने कमेंट किया 'इस फिल्म को देखने के लिए एक्साइटेड हूं क्योंकि 2023 से इस फिल्म के बारे में सुन रहा हूं।' कई यूजर रसिका, अर्जुन और परेश पाहुजा को साथ देखकर खुश हैं।

# महायोद्धा राम में रावण की आवाज बने गुलशन ग्रोवर ने खींचा ध्यान



**मुंबई।** भगवान श्रीराम पर बन रही एनिमेटेड फिल्म 'महायोद्धा राम' के निर्माताओं ने शुक्रवार को फिल्म का टीजर जारी कर दिया है। इसमें रावण की आवाज बने गुलशन ग्रोवर दर्शकों को ध्यान आकर्षित करते नजर आ रहे हैं। टीजर में वर्षों से सुनी जा रही भगवान राम के अवतार की कहानी दिख रही है, वो भी एनिमेटेड फॉर्म में। टीजर की शुरुआत रावण की तपस्या से होती है और उसे अमर होने का वरदान मिलता है। इसके बाद श्रीराम का जन्म धरती पर होता और फिर आगे की कहानी बढ़ती है, जिसमें सबसे अहम भगवान राम और रावण के बीच का युद्ध है। टीजर में रावण की आवाज में गुलशन ग्रोवर दर्शकों का ध्यान खींचते नजर आ रहे हैं। आपको बताते चलें कि फिल्म में श्रीराम की आवाज कुणाल कपूर बने हैं, तो जिमी शेरगिल भगवान लक्ष्मण की आवाज देंगे। इसके अलावा माता सीता की आवाज मौनी रॉय बनेंगी और लंकाधिपति रावण की दमदार आवाज को गुलशन ग्रोवर देंगे। 'महायोद्धा राम' फिल्म 17 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। यह फिल्म 3 डी वर्जन में दर्शकों को देखने को मिलेगी, जो शानदार अनुभव प्रदान करने का वादा करती है। फिल्म के ट्रेलर के बाद दर्शकों की बेसब्री बढ़ती दिख रही है। 'महायोद्धा राम' फिल्म का निर्देशन रायजादा रोहित और जयसिंह वैद द्वारा किया गया है।

## ये नौ दिन उत्सव ही नहीं, बल्कि भक्ति, अनुशासन और आत्मबल का प्रतीक

# टीवी कलाकारों ने शेयर की नवरात्र की खूबसूरत यादें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नवरात्र पर पूरे भारत में खुशी-भक्ति और उत्सव का माहौल है। मां दुर्गा की आराधना और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक यह पर्व हर वर्ग के लोगों के दिलों में एक खास स्थान रखता है। इसी भाव को मनाते हुए, सोनी सब के कलाकारों ने नवरात्र से जुड़ी अपनी खास यादें और अनुभव साझा किए हैं। परिवार के साथ उपवास रखने से लेकर गरबा रातों में थिरकने तक- ये यादें न केवल त्योहार का सार बताती हैं, बल्कि इन कलाकारों के दिलों में बसे इन परंपराओं से गहरे जुड़ाव को भी दर्शाती हैं।



### आशी सिंह

उफ़्फ ये लव है मुश्किल में कैरी शर्मा की भूमिका निभा रहीं आशी सिंह ने कहा, नवरात्र हमेशा से मेरे लिए बहुत खास पर्व रहा है। मेरे लिए ये नौ दिन केवल उत्सव नहीं बल्कि भक्ति, अनुशासन और आत्मबल का प्रतीक हैं। मुझे बहुत अच्छा लगता है जब चारों तरफ गरबा और डांडिया की धुनों से माहौल जीवंत हो जाता है। बचपन में मैं रंग-बिरंगी चनिया-चोली पहनकर दोस्तों के साथ नाचने के लिए हमेशा उत्साहित रहती थी। आज भी, शूटिंग शेड्यूल कितना भी व्यस्त हो, मैं कम से कम एक गरबा रात में जरूर शामिल होने की कोशिश करती हूं।



### ऋधिमा पंडित

उफ़्फ ये लव है मुश्किल में लता की भूमिका निभा रहीं ऋधिमा पंडित कहती हैं, "मेरे लिए नवरात्र का मतलब है सकारात्मकता और भक्ति। बचपन में मुझे याद है कि मैं मां के साथ पूजा के दौरान प्रसाद बनाने में मदद करती थी और इन पारिवारिक परंपराओं से हमें बहुत करीब ला देती थीं। मुझे इस त्योहार की सबसे खास बात यही लगती है कि यह हर उम्र के लोगों को साथ लाकर एक परिवार की तरह जोड़ देता है। सब मिलकर नाचते, गाते और प्रार्थना करते हैं।



### गरिमा परिहार

पुष्पा इम्पॉसिबल में दीप्ति की भूमिका निभा रहीं गरिमा परिहार ने कहा, नवरात्र मेरे दिल के बहुत करीब है। मेरी मां हमेशा पूजा करती हैं और मैं बचपन से ही देवी मां की भक्त रही हूं. मां के साथ व्रत रखना और छोटी बच्चियों को भोजन कराना मेरे लिए बहुत यादगार पल होते हैं। इस साल पुष्पा इम्पॉसिबल की शूटिंग के कारण मैं दोस्तों के साथ गरबा रातों का आनंद नहीं ले पाऊंगी, लेकिन नवरात्रि की सकारात्मक ऊर्जा और देवी मां के प्रति मेरी श्रद्धा इस त्योहार को मेरे लिए हमेशा खास बना देती है।



### ऋषि सक्सेना

इत्ती सी खुशी में संजय की भूमिका निभा रहे ऋषि सक्सेना कहते हैं,"सच कहूं तो मैंने नवरात्र का असली भव्य रूप मुंबई आकर ही देखा। बचपन में मेरे लिए ये बस स्थापना पूजा और व्रत तक ही सीमित था, लेकिन मुंबई ने मुझे इसकी रंगीनियां, व्यंजन, गरबा और अंतहीन उत्सवों से परिचित कराया. जब भी समय मिलता है, मुझे लोगों को सजा-धजा देखना, सुंदर सजावटें और गरबा रातों का जोश और ऊर्जा देखना बहुत अच्छा लगता है।



### नंदिता

इत्ती सी खुशी में नंदिता की भूमिका निभा रहीं गौरी टोंक ने कहा, मैं पहले ठाणे में रहती थी और नवरात्र के दौरान हमारी सोसाइटी दफ्तर में देवी मां की सुंदर प्रतिमा स्थापित करती थी और रोज पूजा होती थी। मुझे पूजा और त्योहार बहुत पसंद हैं। लोग मुझे मजाक में पंडित भी कहते हैं! लोगों से मिलना, आरती और पूजा करना, ये सब इतना सकारात्मक और उत्साहजनक वातावरण बनाते हैं जिसे मैं बहुत संजोती हूं।

## खबर संक्षेप

### छात्रा रागिनी का एथलीट में राष्ट्रीय स्तर पर चयन



**तमनार।** होनहार बिरवान के होते चिकने पात उक्त कहावत को ग्रामीण अंचल देवगांव तमनार की बेटी पीएम सेजेस तमनार में बारहवीं विज्ञान की छात्रा रागिनी ने चरितार्थ किया है। राज्य स्तरीय एथलीट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर इनका चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। तमनार ब्लाक के ग्राम देवगांव की छात्रा रागिनी राठिया ने राज्य स्तरीय एथलीट प्रतियोगिता में 100 मीटर एवं 200 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल ब्लाक, जिला का बल्कि राज्य का भी मान बढ़ाया है। पीएम सेजेस तमनार शैक्षणिक दृष्टि से बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम देने वाला, क्रीड़ा के क्षेत्र में एक नायाब हीरे को तराशा है। बिना कोच एवं व्यायाम शिक्षक के स्वयं के अभ्यास एवं मेहनत से रागिनी ने यह उपलब्धि हासिल किया है। तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त किया है। विदित हो कि प्रारंभ से मेधावी छात्रा की इस उपलब्धि के पीछे शिक्षक पिता का मार्गदर्शन, माता का स्नेह तथा शाला परिवार का आशीर्वाद एवं स्वयं की मेहनत व लगन रहा है, उनकी यह उपलब्धि समस्त बेटियों के लिए प्रेरणास्प्रद है और यह संदेश देता है कि अगर मन में विश्वास दृढ़ संकल्प एवं धैर्य हों तो बेटियां भी असंभव को संभव बना सकती हैं। विद्यालय परिवार की ओर से रागिनी को बधाई एवं राष्ट्रीय स्तर पर जीत के लिए शुभकामनाएं दी गई है।

### पंजीयन के लिए किसान हो रहे परेशान

**पुसौर।** आगामी समय में शासन द्वारा होने वाले धान खरीदी के पंजीयन के लिए किसान इन दिनों तहसील व सोसायटी का चक्कर काटना शुरू कर दिए हैं। इसमें खासकर उन किसानों को तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है, जो बड़े किसान हैं और वे किसान जिनका जमीन एक से अधिक ग्राम में हैं। जानकारी के मुताबिक आधारकार्ड लिंक करते हुए जब बडे किसानों के सभी खसरा नंबर को एक-एक कर सबमिट किया जाता है तो उसमें समय लग जाता है। ऐसे स्थिति में संबंधित एप बंद हो जाता है। कम्प्यूटर आपरेटर ने इस संबंध में बताया कि खसरा नंबर अपलोड करने के लिए बहुत कम समय दिया गया है जिसमें दो बार ओटीपी आता है उसे भी अपलोड करना होता है। जिस किसान के जमीन के खसरे 16 से अधिक हैं उन्हें इस तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिन किसानों के जमीन एक से अधिक ग्रामों में हैं उनके आधार लिंकिंग में संबंधित किसानों द्वारा परेशान होना बताया जाता है, जबकि बीते वर्षो में इस तरह की परेशानी किसी भी किसान को नहीं हुई थी।

# नवरात्र पर्व पर महिला सुरक्षा के लिए दुर्गा वाहिनी करेंगी पंडालों में पेट्रोलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नवरात्र पर्व के दौरान महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने जिला पुलिस ने विशेष इंतज़ाम किए हैं। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन पर पंडालों और गरबा-डांडिया स्थलों में महिला रक्षा टीम दुर्गा वाहिनी की विशेष पेट्रोलिंग रहेगी। एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, नगर पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा और डीएसपी सुशांतो बनर्जी ने पुलिस कार्यालय में महिला सुरक्षा टीम को ड्यूटी के संबंध में ब्रीफ कर शहर में रवाना किया। अधिकारियों ने बताया कि दुर्गा वाहिनी का गठन महिलाओं और बच्चियों को सुरक्षित वातावरण देने तथा उनमें सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से किया गया है। इस टीम की दो यूनिट पूरे नवरात्र पर्व के दौरान दुर्गा पंडालों, गरबा और डांडिया स्थलों पर सक्रिय रहकर पेट्रोलिंग करेंगी। दुर्गा वाहिनी को किसी भी आपात स्थिति में तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।



### टीम में ये हैं शामिल

इन टीमों में महिला उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर, वीणा साहू, कुसुम केवर्त, सहायक उप निरीक्षक सरस्वती महापात्र सहित सभी थानों के आरक्षकों और महिला आरक्षकों को शामिल किया गया है। पुलिस की यह विशेष पहल नवरात्र पर्व में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाएगी और श्रद्धालुओं को निश्चिंत होकर उत्सव में शामिल होने का अवसर प्रदान करेगी।

## जिले को जल संचय जन भागीदारी 1.0 के तहत मिलेगी 25 लाख की पुरस्कार राशि

# रायगढ़ जिले ने जल संचय जन भागीदारी अभियान में हासिल की राष्ट्रीय उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले ने जल संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए जल संचय जन भागीदारी 1.0 पुरस्कार के तहत राष्ट्रीय स्तर पर कैटेगरी 03 में 25 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्राप्त की है। यह उपलब्धि जिले के सामूहिक प्रयासों, समर्पण और जल संरक्षण के प्रति जनसहयोग से संभव हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश एवं सीईओ जिला पंचायत जितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में मनरेगा टीम के साथ महिला समूहों एवं जिलेवासियों की सक्रिय भागीदारी के साथ कार्य किया जिससे यह उपलब्धि हासिल हुई।

जल संचय जन भागीदारी 1.0 पुरस्कार जल संरक्षण और प्रबंधन के क्षेत्र में सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए प्रदान किया जाता है। रायगढ़ जिले ने इस दिशा में अपने अभिनव प्रयासों और सामूहिक भागीदारी के माध्यम से जल संरक्षण को एक जन अभियान में परिवर्तित किया है। अमृत सरोवरों सहित विभिन्न जल संरक्षण परियोजनाओं के तहत जिले ने जल संचय, भूजल संवर्धन के क्षेत्र में कार्य किया है।



### महिला समूहों ने निभाई सक्रिय भागीदारी

अमृत सरोवरों के निर्माण और रखरखाव, वर्षा जल संचय, और भूजल स्तर को बढ़ाने जैसे कार्यों में जिले में जनसहयोग से कार्य किया गया। ग्रामवासियों, विशेष रूप से महिला समूहों, ने इन परियोजनाओं में सक्रिय भागीदारी निभाई, जिससे यह जल संरक्षण का एक सामुदायिक अभियान बना और जिले को यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुआ। यह पुरस्कार रायगढ़ जिले में जल संचयन के प्रयासों की सिर्फ पहचान ही नहीं दिया है बल्कि भविष्य की कार्ययोजनाओं के लिए भी आधार बनेगा। जिसके अंतर्गत अमृत सरोवरों का निर्माण, जल संचय संरचनाओं का विस्तार, और सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों को बढ़ावा देने की कार्य योजना है।

### जिपं सीईओ ने बताया महत्वपूर्ण उपलब्धि

सीईओ जिला पंचायत जितेंद्र यादव ने इसे जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया और कहा कि यह जिला प्रशासन के साथ नरेगा टीम, तकनीकी सहायकों और ग्रामवासियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। हम इस दिशा में अपने प्रयासों को और गति देंगे। रायगढ़ जिले ने जल संचय जन भागीदारी 1.0 के तहत न केवल तकनीकी दक्षता के साथ कार्य किया बल्कि ग्रामवासियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## पूर्व विधायक व आदिवासी जननेता जॉर्ज तिर्की को दी गई श्रद्धांजलि

**राउरकेला।** कुआँरमुण्डा, वीरमित्रपुर के आदिवासी नेता, पूर्व विधायक जॉर्ज तिर्की को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए भुवनेश्वर से सुंदरगढ़ के वीरमित्रपुर कई गणमान्य पहुंचे।

सबसे पहले श्रद्धांजलि देने वालों ने स्वर्गीय जॉर्ज तिर्की के पैतृक गांव झुनूमूर का दौरा किया। वहां पूर्व मंत्री सुदाम मारांडी और उनकी पत्नी रंजीता मारांडी, पूर्व वीरमित्रपुर विधायक निहार सोरेन, रघुनाथपाली के पूर्व विधायक हालू मुंडारी भी उपस्थित थे। स्व. जॉर्ज तिर्की के गांव पहुंचने पर वीरमित्रपुर विधायक रोहित जोसेफ तिर्की और उनकी धर्म पत्नी प्रीति तिर्की ने उनका स्वागत किया व वहां उन्होंने स्व. जॉर्ज तिर्की की समाधि स्थल पर फूल माल्यार्पण किया। इसके बाद उनका दौरा उनके कुआँरमुण्डा आवास पर हुआ, जहां उन्होंने स्वर्गीय जॉर्ज तिर्की की फोटो पर पुष्प अर्पित किए। विधायक रोहित जोसेफ तिर्की और उनके परिवार के सदस्यों ने स्वर्गीय जॉर्ज तिर्की की पत्नी नमिता तिर्की को भी अपनी संवेदनाएं प्रकट की। सुदाम मारांडी ने कहा कि स्वर्गीय जॉर्ज तिर्की मेरे अच्छे मित्र थे। जब मैं झाड़खंड मुक्ति मार्च में था, तब वह वीरमित्रपुर निर्वाचन क्षेत्र से विधायक बने। पूर्व विधायक निहार सोरेन ने कहा कि जॉर्ज तिर्की स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया में नौकरी करते थे, लेकिन उनकी प्रतिभा इतनी थी कि उन्होंने नौकरी की ओर मोह कम कर जनसेवा की दिशा में आगे बढ़े। उन्होंने जीवन में चार बार विधायक बनकर आदिवासी लोगों के मन में अपनी विशेष छवि बनाई। उनके आवास पर मनोज दास, राजेश खाल्खो, रवी नंद, शरत तंती, रंजीत देहुरी,बबन महाराज,शशि सागर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष पद पर साबिर हुसैन की ताजपोशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला



■ प्रबल दावेदारों को पछाड़ कर बने राउरकेला कांग्रेस के नए अध्यक्ष

ओडिशा प्रदेश कांग्रेस ने शुक्रवार शाम जिलों के नए अध्यक्षों की सूची जारी की, जिसमें राउरकेला से मोहम्मद साबिर हुसैन का नाम सामने आने पर कांग्रेस खेमे में हलचल तेज हो गई। लंबे समय से जिला अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी कर रहे ज्ञानेंद्र दास, पूर्व अध्यक्ष रवी राय, कांग्रेस प्रत्याशी रहे बीएन पटनायक और युवा नेता प्रबोध दास सहित रस्मि पाढ़ी व अन्य के नाम चर्चा में थे, लेकिन पार्टी ने अप्रत्याशित रूप से साबिर हुसैन को ही अंततः कमान सौंपी।

संगठन में अपेक्षाकृत कमजोर व वनमेन आर्मी माने जाने वाले हुसैन की नियुक्ति ने कई नेताओं को चौंका दिया है। हालांकि, उनके समर्थक इसे कांग्रेस के लिए नई ऊर्जा और नई दिशा की शुरुआत बता रहे हैं व कॉंग्रेस ने यहां अल्पसंख्यक कार्ड खेल दिया है। जिला अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार रहे प्रबोध दास ने भी उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए कहा श्हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बहुत बहुत बधाई राउरकेला के नए नियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष, राउरकेला के गतिशील जननेता मोहम्मद साबिर हुसैन को। मुझे विश्वास है कि आपके ऊर्जावान नेतृत्व में राउरकेला कांग्रेस भविष्य में बड़ी सफलता हासिल करेगी।

प्रबोध दास ने आशा जताई कि हुसैन के नेतृत्व में कांग्रेस संगठन और मजबूत होगा तथा पार्टी आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करेगी। वही काफी लंबे समय से कांग्रेस में टिके रहने के कारण उन्हें यह ताज प्रदान किया गया है। कई बार टिकट के आवेदन करने के बावजूद जब उन्हें टिकट नहीं मिला अंत तक उन्हें संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है कहीं ना कहीं इस पार्टी के प्रति निष्ठा का फल कहा जा सकता है।

# जिदंल स्टील ने अंगुल में शुरू की देश की सबसे बड़ी ब्लास्ट फर्नेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ 12 एमटीपीए क्षमता हासिल करने की तैयारी



00 रायगढ़। जाने माने उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपनों को साकार करने की दिशा में एक नई पहल करते हुए अपने अंगुल स्टील प्लांट में देश की सबसे बड़ी ब्लास्ट फर्नेस में से एक की शुरुआत कर मील का पत्थर स्थापित किया है। इसका नाम भगवती सुभद्रिका ब्लास्ट फर्नेस रखा गया है, जिसके संचालन से अंगुल प्लांट की हॉट मेटल उत्पादन क्षमता 4 एमटीपीए से बढ़कर 9 एमटीपीए हो गई है। इसके साथ ही अंगुल स्टील प्लांट एक ही स्थान पर संचालित ओडिशा का सबसे बड़ा स्टील प्लांट बन गया है।

अंगुल में आयोजित एक विशेष समारोह में इस प्लांट की शुरुआत चेयरमैन नवीन जिन्दल ने की। 5,499 नॉर्मल क्यूबिक मीटर उपयोगी मात्रा वाली यह फर्नेस दुनिया की सबसे बड़ी और अत्याधुनिक ब्लास्ट फर्नेस में से एक है। अत्याधुनिक ऑटोमेशन, मजबूत सुरक्षा और अपनी बढ़ी हुई क्षमता के साथ भगवती सुभद्रिका ब्लास्ट फर्नेस नए औद्योगिक मानक स्थापित करने की जिन्दल स्टील की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इस अवसर पर नवीन जिन्दल ने कहा अंगुल में भगवती सुभद्रिका ब्लास्ट फर्नेस की शुरुआत जिन्दल स्टील और देश के लिए गर्व का पल है। अंगुल की स्टील उत्पादन क्षमता को 12 एमटीपीए तक बढ़ाकर हम विश्व में अपनी पहचान और ताकत बढ़ा रहे हैं और आत्मनिर्भर भारत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरा रहे हैं। ओडिशा की संस्कृति से गहराई से जुड़ा और नवीनतम तकनीक से संचालित यह फर्नेस परंपरा और इनोवेशन को साथ लेकर चलने के हमारे दृष्टिकोण को दर्शाती है और हमारी भावी रणनीति को परिभाषित करती है।

जिन्दल स्टील की दीर्घकालिक योजनाओं को देखते हुए इस ब्लास्ट फर्नेस की शुरुआत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसके साथ ही अंगुल प्लांट अब कंपनी के विस्तार में कंपनी के केंद्र के रूप में कार्य करेगा। भविष्य की विकास परियोजनाओं में पारादीप में बंदरगाह, स्लरी और कोयला पाइपलाइन, श्रीभूमि पावर प्लांट और नए कोक ओवन प्लांट शामिल हैं। ये परियोजनाएं मिलकर अंगुल को जिन्दल स्टील के विश्व स्तर पर विस्तार का अग्रणी केंद्र बनाएंगी।

उल्लेखनीय है कि जिन्दल स्टील भारत की अग्रणी स्टील कंपनियों में से एक है, जिसकी दुनिया भर में पहचान उसकी भव्यता, दक्षता और गुणवत्ता के कारण है। यह कंपनी माइन टू मेटल खदान से स्टील तक मॉडल पर काम करती हैए जिसका अर्थ है कि यह कच्चे माल से लेकर अंतिम उत्पाद के निर्माण तक की पूरी प्रक्रिया को नियंत्रित करती है। 12 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक के निवेश के साथ, यह कंपनी रायगढ़, अंगुल और पतरातू में अत्याधुनिक स्टील प्लांट का संचालन करती है। कंपनी भारत और अफ्रीका, दोनों महादेशों में सक्रिय है और महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसकी विविध और भविष्य के लिए उपयोगी उत्पाद श्रृंखला, बुनियादी ढांचा क्षेत्र, निर्माण और विनिर्माण जैसे मुख्य क्षेत्रों में इसकी ताकत है।

### तालाब में मिला अज्ञात शव

**पुसौर।** पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम कोतमरा के तालाब में एक अज्ञात व्यक्ति का लाश मिला है। इसकी सूचना ग्राम कोटवार द्वारा थाने में दिए जाने पर थाना प्रभारी पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। इस संबंध में कोतमरा के सरपंच अमीन पटेल के ने कहा कि कोतमरा के पास ही अडानी पावर लिमिटेड है, जहां के कर्मचारी कोतमरा खरीदी करने आते रहते हैं यह व्यक्ति उसी में से एक हो सकता है।

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• हाई रिस्क प्रेगनेंसी (गर्भावस्था संबंधित जटिलताओं का संभव सफलतापूर्वक ईलाज)
• नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा
• बांझपन का ईलाज
• मासिक धर्म में दर्द, अनिमियता, मासिक धर्म का रुक जाने का ईलाज एवं सलाह
• गर्भाशय के रोग जैसे बच्चेदानी में गाँठ, सूजन
• संक्रमण, श्वेद प्रदर (सफेद पानी जाना), गर्भाशय का अपने स्थान से हट जाने का ईलाज
• बच्चेदानी एवं अंडेदानी का कैंसर का ईलाज
• बच्चेदानी एवं अंडेदानी संबंधित सभी बीमारीयों का दूरबीन द्वारा ईलाज
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

# दलित परिवार का आशियाना उजड़ा, आमरण अनशन शुरू



**घरघोड़ा।** नगर के वार्ड क्रमांक 7 निवासी भरत खण्डेल पिता स्व. प्रहलाद खण्डेल, आयु 42 वर्ष, जाति सतनामी, वर्ग अनुसूचित जाति का पचास वर्षों पुराना आशियाना प्रशासनिक कार्रवाई में उजाड़ दिया गया। बरसात के बीच बेघर हुए भरत खण्डेल अब अपने पूरे परिवार के साथ भीम आर्मी के बैनर तले घरघोड़ा में आमरण अनशन पर बैठ गए हैं।

भरत खण्डेल का कहना है कि उनके पूर्वजों की पैतृक भूमि खसरा नंबर 455/7, रकबा 0.162 हेक्टेयर पर मकान बना हुआ था, लेकिन राजस्व अधिकारियों ने राजनीतिक दबाव और जातिगत पूर्वाग्रह से प्रभावित होकर इस जमीन को खसरा नंबर 455/6 मान लिया और 23 सितंबर 2025 को अचानक बुलडोज़र चलवा दिया। उनका आरोप है कि नक्शा दरुस्तगी और बटांकन की प्रक्रिया पूरी किए बिना यह कार्रवाई करना पूरी तरह से अवैधानिक और अन्यायपूर्ण है।

भरत खण्डेल का कहना है कि वे पहले ही न्यायालय का दरवाजा खटखटा चुके हैं, मगर न्याय मिलने से पहले ही प्रशासन ने संवैधानिक मूल्यों की धज्जियां उड़ाकर उन्हें बेघर कर दिया। उन्होंने कहा मेरे संवैधानिक अधिकारों की हत्या की गई है। मैं अपने पूर्वजों की जमीन किसी जातिवादी ताकत के हाथों में नहीं जाने दूंगा। जब तक मुझे न्याय नहीं मिलेगा, मैं परिवार सहित आमरण अनशन जारी रखूंगा।

भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने भी इस मामले में मोर्चा संभाल लिया है। उनका कहना है कि यह घटना अनुसूचित जाति वर्ग पर सीधा अन्याय और उत्पीड़न है। जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलता आंदोलन जारी रहेगा। आर्मी पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने मामले में शीघ्र हस्तक्षेप नहीं किया तो इसे प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन बनाया जाएगा। भरत खण्डेल ने मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़, राष्ट्रीय एवं राज्य अनुसूचित जाति आयोग, कलेक्टर रायगढ़ और जिला सत्र न्यायाधीश सहित कई अधिकारियों को ज्ञापन भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। लेकिन अब तक न तो नक्शा दरुस्तगी की गई और न ही परिवार को न्याय दिलाने के लिए कोई ठोस कदम उठाया गया है।

भीम आर्मी की अगुवाई में जारी यह आमरण अनशन अब घरघोड़ा क्षेत्र में चर्चा का बड़ा विषय बन गया है। स्थानीय लोगों में भी प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर नाराजगी है और जगह जगह इस घटना की आलोचना की जा रही है।

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

मोटापे का ईलाज
वेजर लाइपोसक्शन द्वारा
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
सर्जिकल गैस्ट्रो एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग
गालब्लेडर एवं गालब्लेडर की पथरी का लेप्रोस्कोपिक विधि द्वारा सर्जरी
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
30 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
11 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411